यह यकीनी बनाना कि पुलिस सर्विस लंदन की ज़रूरतें पूरी करे

ऐम पी ए क्या है?

मैट्रोपोलीटन पुलिस अथारिटी (ऐम पी ए) की स्थापना यह यकीनी बनाने के लिए की गई कि लंदन की पुलिस राजधानी में लोगों जो सेवाएं प्रदान करती है, उनके लिए वह उत्तरदायी हो।

इस अथारिटी के ये काम हैं –

- लंदन में पुलिस के कामों में लगातार सुधार करवाना
- लंदन की पुलिस में आम लोगों के विश्वास और भरोसे को बढ़ाना
- लंदन के लोगों के साथ परामर्श करने पूछना कि वे पुलिस से क्या उम्मीद रखते हैं
- पुलिस के बजट के प्रबंध का निरीक्षण करना
- पुलिस के काम की वार्षिक योजना बनाना जिसमें काम के लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं

ऐम पी ए से लंदन के लोगों को सचमुच बहुत लाभ हुए हैं। राजधानी में 630 सेफ़र नेबरहुड टीमें (आस पड़ोस को सुरक्षित बनाने वाली टीमें) शुरू करने काम में इस अथारिटी ने बहुत मदद दी। हर टीम और पुलिस कम्युनिटी सुपोर्ट अफ़सर शामिल होते हैं, और इनका एकमात्र काम आम लोगों से सहयोग से समाज–विरोधी व्यवहार, अपराध और अपराध के भय को कम करना है।

पुलिस के £3 बिलियन (30 करोड़ पौंड) के वार्षिक बजट की योजना बनाना और इसका प्रबंध चलाना इस अथारिटी की मुख्य जिम्मेदारियों में से एक है। बजट का लगभग 78% भाग केंद्रीय सरकार से आता है और बाकी मेअर द्वारा एकत्र किए कौंसिल टैक्स से।

अथारिटी पुलिस सर्विस में समानता और विभिन्नताओं को प्रोत्साहन देती है और अन्य साँझीदारों के सहयोग से यह यकीनी बनाने का प्रयत्न करती है कि राजधानी में रहने वाले सभी लोगों के साथ समानतापूर्ण और सम्मानपूर्ण व्यवहार हो।

ऐम पी ए कैसे काम करती है

ऐम पी ए के 23 मेंबर हैं जिनमें से 12 लंदन असेंबरी के चुने हुए मेंबर हैं, 4 मैजिस्ट्रेट हैं औट 7 स्वतंत्र मेंबर हैं, और ये सभी चार वर्षों के लिए चुने जाते हैं।

हर मेंबर का लंदन के किसी बोरो के साथ निकट का संबंध होता है और उसकी जिम्मेदारी पुलिस के तथा अपराध को काम करने के काम में लगे अन्य लोगों के सहयोग से काम करना है। अथारिटी का विश्वास है कि साँझीदारी से काम करना लंदन को सबसे अधिक सुरक्षित बनाने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने का सबसे अधिक प्रभावशाली ढंग है।

ये मेंबर कमेटी में नियमित रूप से एकत्र होकर पुलिस की नीतियों के बारे में विचार करते हैं और उसके काम का लेखाजोखा करते हैं। वे ऐसी सिफ़ारिशें पेश करते हैं जिनसे काम में सुधार हो और लंदन की ज़रूरतें पूरी हों।

लंदन के लोगों की बात ध्यान से सुनना

ऐम पी ए के काम का एक बहुत ज़रूरी अंग है – पुलिस के बारे में, उसके कामों के बारे में और इन कामों में सुधार लाने के बारे में लंदन के लोगों से परामर्श करना।

इस परामर्श से ऐम पी ए को यह जानने का अवसर मिलता है कि अगले वर्ष किन कामों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

परामर्श करने के ढंगों में ये ढंग शामिल हैं – :

- **सेफ़र लंदन पैनल**
  अथारिटी के अपने नागरिकों के पैनल में 3,000 लोग हैं जिन्हें इस ढंग से चुना जाता है कि ये लोग मिलकर पूरे लंदन के प्रतिनिधि हों। लंदन में पुलिस से कामों के ख़ास पहलुओं के बारे में उनके विचार पूछे जाते हैं।
- **हर बोरो में समुदाय के लोगों को शामिल करना**
  ऐम पी ए यह यकीनी बनाने के लिए वचन–बद्ध है कि लंदन के हर बोरो के लोगों के पास अपने इलाके की पुलिस के साथ विचार विनिमय के साधन हों।

इसके लिए आम तौर पर कम्युनिटी कन्सल्टेटिव ग्रुप बनाया जाता है, परंतु कुछ इलाकों के लिए अन्य ढंग भी प्रयोग किए जा रहे हैं।

ऐम पी ए बहुत सी एकत्रताओं में भाग लेती है और पूरी राजधानी में लोगों को अपने काम में शामिल करने के कार्यक्रम बनाती है। इन एकत्रताओं के बारे में जानकारी हमारी वेबसाईट पर प्रकाशित की जाती है।

ऐम पी ए की पब्लिक मीटिंगें

ऐम पी ए कमेटी की मीटिंगों में कोई भी आ सकता है, और वहाँ पर आने वाले सभी लोगों का स्वागत है। इन मीटिंगों की तारीखें, समय और रिपोर्टें ऐम पी ए की वेबसाईट प्रकाशित होती हैं और पब्लिक लाइब्रेरियों में भी मिलती हैं।

पब्लिक मीटिंगों वाले कमरे में ह्वीलचेअर जा सकती है और लूप सिस्टम भी लगा है, ख़ास सहूलतें – जैसे ब्रिटिश साईन लैंग्वेज के इंटरप्रेटर और पैलेनटाईपस्टि भी मिल सकते है; यदि इनके बारे में व्यवस्था पहले कर ली जाए।

मैट्रोपोलीटन पुलिस अथारिटी

- लंदन को सचमुच के लाभ प्रदान करना
- पुलिस को लंदन के लोगों के सामने उत्तरदायी बनाना
- लंदन को दुनिया का सबसे अधिक सुरिक्षत महानगर बनाने के लिए अन्य लोगों के सहयोग से काम करना

ऐम पी ए से संपर्क करना (आम पूछताछ)

टेलीफ़ोन 020 7202 0202

मिनीकोम 020 7202 0173

फ़ैक्स 020 7202 0246

ईमेल enquiries@mpa.gov.uk

या इस पते पर पत्र लिखें –

Enquiries
Metropolitan Police Authority
10 Dean Farrar Street
London SW1H 0NY

ऐम पी ए से संबंधित जानकारी का अनुवाद

हमारी वेबसाई पर दी जाने वाली जानकारी का अनुवाद हम अपने आप नहीं देते। परंतु माँग आने पर हम दस्तावेज़ों का अनुवाद आपकी भाषा में आपको दे सकते हैं। हम यह अनुवाद आपको जितनी जल्दी हो सकते देते हैं।

अनुवाद लेने के लिए विनय पत्र इस पते पर भेजें –

Online Communications
The Metropolitan Police Authority
10 Dean Farrar Street
London
SW1H 0NY

ईमेल webenquiries@mpa.gov.uk

टेलीफ़ोन 020 7202 0219 (कृपया विनती अंग्रेज़ी में रिकार्ड करवाएं)

मिनीकोम 020 7202 0173

फ़ैक्स 020 7202 0241